हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, मंगलवार, 9 दिसंबर, 2025

आशा वर्कर्स ने लंबित मांगों को लेकर निकाला जुलूस 12



डॉ. सिन्हा को गौरव सम्मान से सम्मानित किया 12



## खबर संक्षेप

### बॉक्सर निशा ने जीता रजत पदक

**चरखी दादरी।** महिला महाविद्यालय झोझू कलाँ की छात्रा निशा ने राजस्थान के भरतपुर स्टेडियम में 24 नवम्बर से 5 दिसम्बर तक आयोजित खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में बाक्सिंग प्रतिस्पर्धा में रजत पदक जीनकर महाविद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। महाविद्यालय प्रबन्धक समिति के प्रधान एडवोकेट सुरेन्द्रपाल सिंह,उप-प्रधान गदर सिंह, सचिव सुशील कुमार, कोषाध्यक्ष मांगेराम, प्राचार्या डॉ.मन्जू सांगवान, खेल शिक्षिका रितु सांगवान, सोनू सांगवान, पूनम, स्टॉफ सदस्यों व छात्राओं ने निशा को बधाई दी।

### टेनिस चैम्पियनशिप के लिए ट्रायल 10 को

**चरखी दादरी।** अखिल भारतीय सिविल सेवा लान टेनिस चैम्पियनशिप 2025-26 का आयोजन 16 से 22 दिसंबर तक गुजरात के गांधीनगर में होगा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाडियों के ट्रायल 10 दिसम्बर को पंचकूला में होंगे। उपायुक्त डा मुनीश नागपाल ने जानकारी देते हुए बताया कि ट्रायल के खर्चे प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाडियों के विभाग वहन करेंगे। उन्होंने बताया कि सभी विभागाध्यक्ष अपने विभाग कार्यालय, उत्कृष्ट खिलाड़ियों को चयन प्रक्रिया के ट्रायल के लिए विशेष अवकाश तथा अन्य सुविधाएं देना सुनिश्चित करेंगे।

### आज दो घंटे बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

**बाढड़ा।** उपमंडल मुख्यालय स्थित 132 केवी बिजली सब स्टेशन से संचालित होने वाले सभी बिजली घरों में मंगलवार को सुबह ९ बजे से ११ बजे तक दो घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। एसडीओ रामसिंह व बिजली आपूर्ति नियंत्रण कक्ष प्रभारी मंजीत जांगड़ा ने बताया कि बाढड़ा बिजली सब स्टेशन को जुई बिजली केन्द्र से आपूर्ति होती है जिसकी मंगलवार को पुराने उपकरणों को बदलने व मरम्मत करने के लिए टीमें काम करेंगी। उपमंडल मुख्यालय बिजली सब स्टेशन से संचालित होने वाले बिजली घरों में मंगलवार सुबह 9 बजे से 11 बजे तक दो घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रखी जाएगी।

### 6 जनवरी तक चलेगा नशा मुक्ति अभियान

**चरखी दादरी।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष नरेश कुमार के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नशा मुक्त अभियान शुरू कर दिया गया है। जिलाभर में यह अभियान 6 जनवरी तक चलाया जाएगा। सीजेएम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव संजीव काजला ने बताया कि अभियान के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा छात्रों व आमजन को नशीली दवाओं के दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक किया जा रहा है। प्राधिकरण द्वारा गांवों व स्कूलों में नशा मुक्ति हरियाणा मिशन के अंतर्गत जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

# डॉक्टरों की हड़ताल के चलते उपायुक्त ने नागरिक अस्पताल का किया निरीक्षण

## दावा-सामान्य रूप से चल रहीं अस्पताल की सेवाएं, मरीजों को मिल रहीं सभी सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी

उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने सोमवार को शहर के नागरिक अस्पताल का निरीक्षण किया और डॉक्टरों की हड़ताल के कारण अस्पताल में चिकित्सा सेवाओं की स्थिति का जायजा लिया। डीसी ने अस्पताल परिसर में पहुंचकर मरीजों से बातचीत की और उन्हें उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का फीडबैक लिया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने मरीजों को सुचारू सुविधाएं उपलब्ध करवाने संबंधी निर्देश भी अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान आपातकालीन कक्ष , ओपीडी, लेबर रूम तथा नर्सरी वार्ड की व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने कहा कि आम लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, यह जिला प्रशासन की प्राथमिकता है।



चरखी दादरी। अस्पताल में वार्ड का निरीक्षण करते उपायुक्त। *फोटो: हरिभूमि*

### 590 ओपीडी और एक सिजेरियन किया

सिविल सर्जन डॉ. नरेश कुमार ने उपायुक्त को जानकारी दी कि अस्पताल में सभी महत्वपूर्ण सेवाएं पूर्व की भांति सामान्य रूप से संचालित हो रही हैं। मरीजों को आवश्यक दवाइयां समय पर उपलब्ध करवाई जा रही हैं तथा अतिरिक्त डॉक्टरों की ड्यूटी लगाकर स्वास्थ्य सेवाओं में किसी प्रकार की बाधा नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने बताया कि आज लगभग 590 के आसपास ओपीडी की और एक सिजेरियन किया गया। सामान्य अस्पताल की सभी सेवाएं सुचारू रूप से चल रही हैं। एक्सरे, आईसीयू वार्ड, आपातकालीन फार्मेसी सभी सुविधाएं सुचारू रूप से चल रही है। इस दौरान डॉ. विनोद कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

### हड़ताल को लेकर धारा 163 लागू

**चरखी दादरी।** जिला में आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं के निर्बाध संचालन के लिए जिलाधीश डा मुनीश नागपाल ने धारा 163 के तहत आदेश जारी किए हैं। चिकित्सकों की हड़ताल को देखते हुए यह आदेश जारी किए गए हैं। जिलाधीश ने अपने आदेशों में कहा है कि 8 व 9 दिसंबर को हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विस के चिकित्सकों की हडताल बुलाई गई है, जिसके चलते जिला में आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं पर असर पड सकता है। साथ ही शांति एवं कानून व्यवस्था पर भी प्रभाव पड़ने का अंदेशा है। ऐसे में जनता को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करने के लिए जिला में धारा 163 के तहत आदेश जारी करने जरूरी हैं। आदेशों के अनुसार सिविल सर्जन हड़ताल की अवधि के दौरान निर्बाध रोगी देखभाल को सुनिश्चित करने के लिए आकस्मिक योजना को लागू करेंगे। निजी अस्पतालों के साथ समन्वय और आपातकालीन प्रतिक्रिया टीमों का प्रावधान शामिल होना चाहिए।

### हड़ताल पर गए सरकारी चिकित्सकों को कारण बताओ नोटिस किया जारी



**भिवानी।** सोमवार को चिकित्सकों के हड़ताल पर चले जाने की घोषणा के बाद अतिरिक्त उपायुक्त ने सामान्य अस्तपाल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य सेवाएं नियमित चलती मिली। इस दौरान अधिकारी ने चिकित्सकों की हाजिरी जांची। जो चिकित्सक हड़ताल पर मिले, उन चिकित्सकों को सीएमओ ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है। अधिकारी के निरीक्षण की खबर के बाद अस्पताल प्रशासन में हड़कम्प मच गया। दोपहर बाद अतिरिक्त उपायुक्त सामान्य अस्पताल पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले चिकित्सकों की हाजिरी की जांच की। उसके बाद आपातकालीन विभाग, दवाई व अन्य शाखाओं का निरीक्षण किया। सभी जगह कार्य संतोषजनक मिला। उसके बाद अधिकारी ने वहां पर इलाज करवाने आए लोगों से भी बातचीत की और चिकित्सकों व इलाज की भी जानकारी ली। करीब आधे घंटे तक अतिरिक्त उपायुक्त ने अस्तपाल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। दूसरी तरफ जो चिकित्सक हड़ताल पर चले गए, उन सभी चिकित्सकों को सीएमओ ने कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं।

## एक्शन : चेतावनी व बैठक के बाद पुलिस और नप टीम ने चलाया अभियान

# बाजार में अतिक्रमण पर चला पीला पंजा, दुकानों के अवैध चबूतरे तोड़े





भिवानी। दुकान से बाहर बनाए चबूतरे को तोड़ती जेसीबी और दुकानदारों में मची अफरातफरी।



नाले पर किए अतिक्रमण को तोड़ती जेसीबी।

**तीन घंटे तक घंटाघर चौक से लेकर जैन चौक तक जेसीबी चली**

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

पहले बैठक कर दुकानदारों को सूचित किया, उसके बाद फिर करवाई गई मुनादी,..। चार दिन बाद सोमवार दोपहर बाद तंग बाजारों में बुलडोजर का पंजा चला। दुकानों की हद से बाहर मिले अतिक्रमण को बुलडोजर ने अपने पंजे से सैकड़ों में तोड़ डाला। करीब तीन घंटे तक घंटाघर चौक से लेकर जैन चौक तक जेसीबी का पीला पंजा अतिक्रमण पर चला। कई जगहों पर दुकानदारों ने विरोध जताया तो पुलिस ने उनको पहले सूचित करने व उनकी हद में रहने की हिदायत दी। अभियान के बाद बाजार में दो से ढाई फुट तक अतिरिक्त खाली जगह नजर आई। सोमवार को पुलिस व नप की बुलडोजर की संयुक्त कार्रवाई के बाद दुकानदार टेंशन में आ गए। हालांकि उन्होंने ज्यादा देर तक विरोध नहीं किया, लेकिन बुलडोजर कार्रवाई के बाद पूरे बाजार में अफरा तफरी का माहौल नजर आया।

### थाने में बैठक कर चेताया था

नगरपरिषद के अधिकारियों ने बताया कि पिछले सप्ताह दुकानदारों व नप अधिकारी व पुलिस के अधिकारियों की मीटिंग हुई थी। जिसमें बाजार के तंग रास्तों को खोले जाने को लेकर मंथन हुआ। करीब तीन चार दिन पहले फिर से दुकानदार व नप अधिकारियों की बैठक हुई और दो दिनों के भीतर दुकानों के आगे किए गए अतिक्रमण को हटाने पर सहमति बनी थी। दो दिन की समय सीमा खत्म हो गई और आज इसी क्रम में शहर थाना पुलिस व नगरपरिषद की टीम ने मिलकर अतिक्रमण हटाने का कार्य शुरू किया है।

### हांसी गेट से शुरू किया अभियान

दोपहर दो बजे नगरपरिषद व शहर थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से अभियान को हांसी गेट से आरंभ किया। अभियान नया बाजार होते हुए सराय चौपटा पहुंचा और उसके बाद घंटाघर व घंटाघर से वापस जैन चौक की तरफ चलाया गया। इस दौरान कई दुकानों के आगे तो दो से तीन फुट तक अतिक्रमण करके चबूतरे व सीढ़ियां निकाली हुई थी। इसके साथ दुकानों के आगे सामान भी रखा हुआ था। जिस वजह से बाजार के रास्ते पूरी तरह से तंग हो चुके थे।

### जुर्माना लगेगा

दोबारा अतिक्रमण व सामान बाहर रखा तो लगेगा जुर्माना नगरपरिषद के अधिकारियों ने बताया कि एक बार दुकानों के आगे बने चबूतरे व अतिक्रमण को पूरी तरह से हटा दिया है। साथ ही जिन दुकानों के आगे सामान रखा मिला, उस सामान को जब्त कर लिया है। अगर भविष्य में किसी भी दुकानदार ने फिर से दुकान के आगे अतिक्रमण किया और सामान को बाहर रखा तो उस दुकानदार का चालान तो काटा जाएगा, साथ में मोटा जुर्माना भी ठोका जाएगा। इस मामले में किसी तरह की कोई ढिलाई नहीं होगी।



बहल। बिजली संबंधी समस्या को लेकर बिजली घर पर प्रदर्शन करते हुए सुरपुरा कलां के किसान। *फोटो: हरिभूमि*

## सुरपुरा कलां गांव के किसान भड़के

# कम वोल्टेज को लेकर किसानों ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭बहल

कृषि के लिए दी जाने वाली बिजली सप्लाई में लग रहे कट व कम वोल्टेज की समस्या को लेकर सुरपुरा कलां गांव के किसानों ने पावर हाउस पर विरोध प्रदर्शन किया। किसानों ने कहा कि फसलों में सिंचाई के लिए जो बिजली दी जा रही है, वो पर्याप्त नहीं है। बिजली सप्लाई में बार बार कट लग रहे हैं जबकि वोल्टेज पूरी नहीं आती है। इससे सिंचाई व्यवस्था बुरी तरह से प्रभावित हो रही है। बिजली निगम के एसडीओ ने किसानों को फोन पर आश्वसत किया कि बिजली सप्लाई में सुधार कर उनकी शिकायत को दूर किया जाएगा। सोमवार को बड़ी संख्या में किसान युवा नेता दिनेश सिहाग सुरपुरा के नेतृत्व में सुरपुरा कलां के पावर हाऊस पहुंचे। किसानों ने उपस्थित कर्मचारियों से बिजली का शेड्यूल पूछा और बिजली में लग रहे कटों के बारे में जानकारी ली। किसानों ने कहा कि बिजली सही नहीं आने से उनकी फसल में सिंचाई सही नहीं हो पा रही है। बार बार कट लगने से और वोल्टेज कम आने से तो वे सिंचाई कर पा रहे हैं। इसके अलावा बार बार लाइन ट्रिपिंग से बिजली मोटर खराब होने का भी अंदेशा रहता है।

युवा नेता दिनेश सिहाग सुरपुरा ने कर्मचारियों से कहा कि वे किसानों की मांग को निगम के उच्चाधिकारियों तक पहुंचाए। सूचना मिलने पर निगम के एसडीओ ने किसान नेताओं से बात की और उनकी समस्या को सुना। एसडीओ ने किसानों को आश्वासन दिया कि बिजली को लेकर जो समस्या किसानों के समक्ष आ रही है, उनका जल्द समाधान किया जाएगा। किसानों ने समस्या से संबंधित ज्ञापन दिया। इस अवसर पर संजय लाखलाण, भरत सिंह, रामफल, सुरेश, अशोक, विकास, कुलदीप, सूरजभान, राजकुमार सहित अनेक किसान मौजूद रहे।

# न्यू हाउसिंग बोर्ड में कमेटी गठित

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

दादरी गेट स्थित न्यू हाउसिंग बोर्ड सोसाइटी में पिछले लंबे समय से चली आ रही अव्यवस्था और सुरक्षा खामियों को दूर करने के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। सोसाइटी की संरक्षक सीमा बंसल के निवास स्थान पर आयोजित इस बैठक में सोसाइटी के करीब 60 प्रमुख सदस्यों ने हिस्सा लिया और सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया। सोसाइटी की हर गली से एक सदस्य को इस कमेटी में शामिल किया गया है। नवनिर्वाचित 8 सदस्यीय कार्यकारिणी में बलदेव ग्रोवर, वीरेंद्र शर्मा, संजय अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल, विष्णु चौहान, राजकुमारी लोहान, रिछपाल चौहान व विशु राणा को शामिल किया गया है। इस अवसर पर अशोक डालमिया, सीमा बंसल, मनोज अग्रवाल, सचिन सेन, बाली, कुसुम अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, नवीन अग्रवाल, सीमा पंजाबी, मोहिनी देवी, कमलेश मित्तल, पिंकी चौहान और पूनम सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।



भिवानी। बदहाल व्यवस्था सुधारने के लिए गठित कमेटी के सदस्य।

# एचपीएससी की भर्ती प्रक्रिया पर जताया विरोध

- फेल किए गए अभ्यर्थियों ने धांधली का आरोप लगाकर शुरू किया आंदोलन, फूंकीं प्रतियां

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

हरियाणा पब्लिक सर्विस कमीशन (एचपीएससी) द्वारा आयोजित अंग्रेजी के लेक्चरर की भर्ती प्रक्रिया विवादों के घेरे में आ गई है। इसी को लेकर सोमवार को स्थानीय लघु सचिवालय के बाहर अभ्यर्थियों का गुस्सा फूट पड़ा तथा भर्ती प्रक्रिया में धांधली और अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए अभ्यर्थियों ने विरोध स्वरूप परिणाम की प्रतियां फूंकी तथा अनिश्चितकालीन धरने की चोतवनी दी। इस दौरान अभ्यर्थियों ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार भर्तियों में आरक्षण को खत्म करने का षड्यंत्र रच रही है। बता दें कि एचपीएससी ने अंग्रेजी लेक्चरर के लिए 613 पदों पर भर्ती निकाली थी, लेकिन परिणाम घोषित होने पर सभी हैरान रह गए, क्योंकि आयोग ने केवल 151 अभ्यर्थियों को ही नियुक्ति दी।



भिवानी। सचिवालय के बाहर प्रतियां फूंकते हुए युवा। *फोटो: हरिभूमि*

### आरक्षण पर चोट

आंदोलनकारी अभ्यर्थियों ने कहा कि उनकी उत्तर पुस्तिकाओं की जांच उनके अपने प्रोफेसर्स या स्थानीय विशेषज्ञों से करवाने के बजाय अमेरिका के प्रोफेसरों से करवाई गई है। उन्होंने कहा कि इस भर्ती के माध्यम से आरक्षित वर्ग को दरकिनार किया गया, क्योंकि आरक्षित वर्ग बीसी-ए की 60 सीटों में से 6, बीसी-बी की 36 सीटों पर 3, ईडब्ल्यूएस की 60 सीटों पर 6, ओएससी की 60 सीटों पर 2 तथा डीएससी की 60 सीटों पर मात्र एक अभ्यर्थी को पास किया गया।

## बवानीखेड़ा के नागरिक अस्पताल में लगा पहला कैंप, 14 दिसंबर तक लगेंगे शिविर

दिव्यांगों को कृत्रिम अंग के लिए पंजीकरण सह परीक्षण शिविरों का आगाज किया

# वरिष्ठ नागरिकों व दिव्यांगजनों को मिलेंगे मुफ्त सहायक उपकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭बवानीखेड़ा

भिवानी के उपायुक्त एवं रेडक्रॉस अध्यक्ष साहिल गुप्ता के मागदर्शन तथा रेडक्रॉस सोसायटी के संयुक्त प्रयास से भिवानी में वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों के लिए निःशुल्क सहायक उपकरण और कृत्रिम अंग प्रदान किए जाएंगे। जिसके तहत पंजीकरण सह परीक्षण शिविरों का आगाज सोमवार से किया गया। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय तथा भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम के सहयोग से सोमवार से शुरू हुए शिविर 14 दिसंबर तक जिले के सभी खंडों में आयोजित किए जाएंगे। इसी कड़ी में सोमवार से कस्बा बवानीखेड़ा के नागरिक अस्पताल में पहला शिविर लगाया गया, जिसका शुभारंभ कस्बा बवानीखेड़ा के विधायक कपूर वाल्मीकि ने किया।

### आज तोशाम पंचायत घर में शिविर

भिवानी रेडक्रॉस के सचिव प्रदीप कुमार ने बताया कि 9 दिसंबर को तोशाम पंचायत घर, 10 को सिवानी के खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय, 11 को कैरू के खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय, 12 को लोहारू के खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय, 13 को बहल के खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय, 14 दिसंबर को भिवानी के रेडक्रॉस भवन में अंतिम शिविर आयोजित किए जाएंगे।

### दिव्यांगों को कई तरह के उपकरण देंगे

सचिव प्रदीप कुमार ने बताया कि शिविरों में जरूरत के अनुसार तिपहिया साइकिल, छड़ी, बैसाखी, वॉकर, ट्राइपॉड, क्वाडपॉड, कान की मशीन, व्हीलचेयर, चेयर कमोड, सिलिकॉन सीट, नी-ब्रेस, स्पाइनल सपोर्ट, सर्वाइकल कॉलर, लम्बोसैक्रल बेल्ट, ब्रेक सहित रोलैटर, सीट वाली छड़ी, फुट केयर फिटिंग आदि के सहायक उपकरणों के लिए पंजीकरण किया जाएगा। इसके लिए वरिष्ठ नागरिकों के लिए 15 हजार रूपये की मासिक तथा दिव्यांगजनों के लिए अधिकतम 22 हजार 500 रुपए की मासिक आय निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ वही व्यक्ति ले सकेंगे, जिन्होंने पिछले 5 वर्षों में मोटराइज्ड तिपहिया साइकिल प्राप्त नहीं की हो। इस अवसर पर नगर पालिका चैयरमेन सुंदर अत्री, पीएडओ गुलशन, परतोश कुमार, ऑडियोलॉजिस्ट सुशील सिंह, जिला प्रशिक्षण अधिकारी विकास कुमार, लिपिक जय भगवान, गोविंद सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

सुभाष सैनी ने वाइस चेयरमैन का दायित्व ग्रहण किया

# एडवोकेट संजय ने मार्केट कमेटी चेयरमैन की संभाली जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭लोहारू

थानीय मार्केट कमेटी कार्यालय में एडवोकेट संजय नेहरा ने चेयरमैन और सुभाष सैनी ने वाइस चेयरमैन की पद की जिम्मेदारी संभाल ली। एसडीएम मनोज दलाल ने दोनों को पदभार ग्रहण कराने के बाद कहा कि दोनों प्रशासन के साथ तालमेल करते हुए सरकार और जनता के बीच बेहतर कड़ी का काम करेंगे। मार्केट कमेटी सचिव संजय समोता की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में शहर के अनेक गणमान्य लोगों ने बधाई दी। वहीं संजय नेहरा और सुभाष सैनी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और पूर्व मंत्री जेपी दलाल सहित संगठन के वरिष्ठ नेताओं का आभार प्रकट करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी दी है, वे उसका बखूबी निर्वहन करेंगे। इस मौके पर नगरपालिका चेयरमैन प्रदीप तायल, भाजपा नेता विजय शेखावत, कमलेश भोड़ूका, व्यापार मंडल प्रधान धनपत सैनी, बार एसोसिएशन प्रधान राजेश भारद्वाज, पूर्व प्रधान सुरेंद्र चौधरी, एडवोकेट रामदत्त श्योराण, संदीप बुढ़ेड़ा, विकास सांगवान, सजय खंडेलवाल, कृष्ण टीकेवाला, रमेश गागड़वासिया, प्रकाश झुप्पा, पार्षद अशोक सैनी, सुनील सोलंकी, राजेश सैनी आदि मौजूद रहे।



लोहारू। चेयरमैन व वाइस चेयरमैन का स्वागत करते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

